# गुरू समकित को आदर की चादर एवं अभिनंदन पत्र समर्पित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आगम मर्मज्ञ, प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा धन्यावाद यात्रा के तहत शुक्रवार सुबह चन्द्रशेखर आजादनगर रूप रजत विहार से मंगलविहार करके चित्तौड़ रोड स्थित सज्जन विलास कॉलोनी में ललित - नीता बाबेल के निवास पर पहुंचे। यहां आयोजित प्रार्थना सभा में बाबेल परिवार की ओर से गुरूदेव समकितमुनिजी म.सा. को आदर की चादर समर्पित कर अभिनंदन किया। इसके बाद श्याम विहार में आयोजित प्रवचन के दौरान जैन कॉन्फ्रेंस की राजस्थान महिला शाखा की ओर से प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल व महामंत्री चंदा कोठारी और पदाधिकारियों ने गुरूदेव को शांतिभवन श्रीसंघ की ओर से आगम मर्मज्ञ की पदवी प्रदान करने पर अभिनंदन पत्र समर्पित कर अपनी भावनाओं का इजहार किया। पूज्य समकितमुनिजी म.सा., भवान्तमुनिजी म.सा. एवं जयवंतमुनिजी म.सा. के सुबह विहार करके प्रार्थना सभा के लिए बाबेल निवास पर पहुंचते ही भगवान महावीर के जयकारों के साथ बाबेल परिवार के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। सुबह के समय ही गुरूदेव के मुखारबिंद से प्रार्थना श्रवण करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं भी पहुंच गए। गुरूदेव ने प्रार्थना में विभिन्न भजनों के माध्यम से धर्म आराधना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस आयोजन का श्रेय जैन कॉन्फ्रेंस की प्रान्तीय महिला शाखा अध्यक्ष सुश्राविका नीता बाबेल को कहा कि यह उनके प्रयासों से ही ये संभव हो पाया। उन्होंने बाबेल परिवार की धर्म से जुड़ाव एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों के प्रति समर्पित भाव की सराहना करते हुए पूरे परिवार के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं व्यक्त की। इस मौके पर बाबेल परिवार के सदस्यों ने गुरूदेव के आगमन को परम सौभाग्य बताते हुए आभार जताया। बाबेल परिवार के सदस्यों चांददेवी, सुभाषचन्द्र बाबेल, महावीर बाबेल, ललित बाबेल, अमरसिंह डूंगरवाल, नीता बाबेल, संगीता बाबेल बादाम बाबेल आदि ने गुरूदेव को आदर की चादर समर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। नीता बाबेल, लाड़ मेहता, चंदा कोठारी, अरूणा पोखरना आदि ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। प्रार्थना सभा में जयवंत मुनिजी म.सा. ने भी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुनिवृन्द श्याम विहार के लिए विहार कर गए। श्याम विहार में आयोजित प्रवचन सभा में जैन कॉन्फ्रेंस की महिला शाखा की ओर से पदाधिकारियों ने गुरूदेव को शांतिभवन श्रीसंघ की ओर से आगम मर्मज्ञ की पदवी प्रदान करने पर अभिनंदन पत्र समर्पित किया।




अभिनंदन पत्र समर्पित करने से पूर्व उसका वाचन संगठन की प्रान्तीय महामंत्री चंदा कोठारी ने किया। गुरूदेव को अभिनंदन पत्र समर्पित करने वालों में जैन कॉन्फ्रेंस पदाधिकारियों के साथ शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, महावीर युवक मंडल के मंत्री अनुराग नाहर, शांति जैन महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता चौधरी ,मंत्री सरिता पोखरना , अहिंसा भवन महिला अध्यक्ष प्रतिभा बम्ब आदि भी शामिल थे। कॉन्फ्रेंस पदाधिकारियों ने कहा कि गुरूदेव ने आगमों की वाणी को जिस सहज व सरल भाषा में आम श्रावक-श्राविका को समझाया वह हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। पूज्य समकितमुनिजी ने पूरे जैन कॉन्फ्रेंस परिवार व श्रावक संघ के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त की। बाबेल निवास पर हुई प्रार्थना सभा में साहिल बाबेल, सिद्धार्थ बाबेल, विजयारानी डूंगरवाल, बादामदेवी बाबेल, साक्षी बाबेल, लुभानी बाबेल, मंजू डागा, संतोष सिंघवी, इन्द्रा बापना, मंजू खटवड़, सरिता पोखरना, स्नेहलता चौधरी, सिम्मी पोखरना, किरण सेठी, सुनीता पीपा?ा, सुनीता सुकलेचा, मैना मेहता, सुशीला छाजेड़, नरेन्द्र पीपाड़ा, मनोज मेहता, महावीर कच्छारा, अनुराग नाहर आदि श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे।

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कोगटा फाउंडेशन ने बढ़ाए कदम

**बिजयनगर।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सेवा कार्यों के तहत कोगटा फाउंडेशन बिजयनगर के द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर पौधारोपण, मोक्षधाम सोदर्यीकरण ,जल प्याऊ आमजन को उपलब्ध करवाकर क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। कोगटा फाइनेंस इंडिया लिमिटेड के बालमुकुंद कोगटा ने बताया कि क्षेत्र में करीब 700 पौधो का रोपण कर टी गार्ड लगाकर हरित क्रांति लाने हेतु संरक्षण कर समय समय पर देखभाल की जारी है। इंदिरा मंच खेल मैदान, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 से औघौगिक क्षेत्र को जोड़ने वाले सड़क मार्ग, इंदिरा कालोनी मोक्षधाम पर पौधारोपण कर संरक्षण पर प्रयास जारी हैं। इसी प्रकार इंदिरा कालोनी क्षेत्र में स्थित मोक्षधाम पर सभी व्यवस्थाओं से सुलभ हो इसके लिए निर्माण कार्य जारी है। पौधारोपण कर मोक्षधाम का सोदर्यीकरण किया जा रहा है। ग्राम अरवड़ में स्थित शनिदेव मंदिर में भक्तों को पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु जल प्याऊ का निर्माण कार्य किया गया है। इसी प्रकार सी एस आर फंड से सेवा कार्य कर आमजन को सुलभ व्यवस्था मिले इसके प्रयास जारी हैं।




## वॉलीवाल प्रतियोगिता में नोबल इंटरनेशनल स्कूल विजेता बनी

**भीलवाड़ा।** 66वी ब्लॉक स्तरीय वॉलीवाल प्रतियोगिता रा.बा.उ.प्रा.वि. बापूनगर भीलवाडा में आयोजित हुई इसमें बालक ग्रुप (14 वर्ष छात्र) ने फाईनल मैच में नोबल इन्टरनेशनल ने हरणीकलां को सीधे 3 सेट से हराकर विजेता बनी। विजेता टीम के कप्तान राधव खटीक, तुषार खटीक, शुभम, नमित का इस प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन रहा।



## जिला स्तरीय विज्ञान मेले में राजेन्द्र मार्ग स्कूल के छात्र अव्वल



**भीलवाड़ा।** राउमावि रायला में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में राजेन्द्र मार्ग स्कूल के छात्र नमन सोनी ने प्रादर्श में प्रथम स्थान एवं विष्णु कुमार बारोलिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। राजेन्द्र मार्ग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ0 श्यामलाल खटीक ने बताया कि विद्यालय के विज्ञान विषय के शिक्षकों के निर्देशन में प्रादर्श में चयनित विद्यार्थी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र मार्ग स्कूल के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ साथियों ने छात्र नमन सोनी का अभिनंदन किया गया।


**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12 KM. Stone, Chittorgarh Road, Village-Guwardi, Bhilwara-311001(Raj.)
E-Mail:- ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpoyster.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No. - 01482-297132

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2022**

(Rs. in Lacs, except as stated)

| Sl. No. | Particulars | Unaudited | | | | Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 |
| 1. | Total Incomefrom from Operations (Net) | 2040.58 | 1290.91 | 4070.22 | 2055.13 | 5283.86 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 74.71 | 9.40 | 145.01 | (32.89) | 93.48 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 74.71 | 9.40 | 145.01 | (32.89) | 93.48 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 51.41 | 14.05 | 95.03 | (27.88) | 53.57 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 51.08 | 15.51 | 94.37 | (24.96) | 52.24 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | | | 779.03 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| | 1. Basic | 1.72 | 0.47 | 3.17 | (0.93) | 1.79 |
| | 2. Diluted | 1.72 | 0.47 | 3.17 | (0.93) | 1.79 |

Note :-
1. The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on November 11, 2022.
2. The results for the Qurter and half year ended 30.09.2022 have been restated to Comply with Ind AS to make them comparable with the Current Period. Further pervious period figures have been regrouped/reclassifed, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.
3 . The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financila Results filed with the Stock Exchanged under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Half Yearly ended Financial Results is available on the Stock Exchange website, www.msei.in and on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By order of the Board

Date: November 11, 2022
Place: Bhilwara

Saket Parikh
Executive Director
DIN No. 00105444



**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक - परि / 2022-23
दिनांक - 11.11.2022

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखी गई वाहन का स्वामित्व बदलने (ट्रांसफर) हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 15 कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा वाहन हस्तान्तरण कर दिया जाएगा। विज्ञापन का खर्च आवेदक स्वयं वहन करेंगा।

(1) वाहन संख्या आर जे 09 एसएच 7247 पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता ङ्क श्री मांगीलाल बैरागी, पुत्र श्री ईश्वर दास, रावतभाटा, चित्तौड़गढ़, मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम- श्रीमति कौशल्या देवी बैरागी, पत्नी श्री मांगीलाल बैरागी, रावतभाटा, चित्तौड़गढ़, वाहन स्वामी से संबंध- पत्नी,

(2) वाहन संख्या आर जे 09 जीसी 9684 पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता ङ्क श्री पूनम चंद मिस्त्री, पुत्र श्री वरदीचंद, पदमाम्बा ट्रांसपोर्ट, पुराना हुबली दरवाजा, हा.मु. रामदेवजी का चन्देरिया, चित्तौड़गढ़, मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम- श्रीमति सुनीता मिस्त्री, पत्नी श्री पूनम चंद मिस्त्री, पदमाम्बा ट्रांसपोर्ट, पुराना हुबली दरवाजा, हा.मु. रामदेवजी का चन्देरिया, चित्तौड़गढ़, वाहन स्वामी से संबंध- पत्नी,



**कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज)**

क्रमांक/ परि/ 2022-2023
दिनांक - 11.11.2022

**विज्ञप्ति**

निम्नलिखित वाहन फाइनेंस कंपनियों द्वारा फाइनेंस किए थे, जिनकी किश्तें ना चुकाने के कारण वाहन सीज करना बताया है । निम्न फाइनेंस कंपनियों ने इनकी एफ.आर.सी (फ्रेश पंजीयन पुस्तक) जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। इस संबंध में वाहनों के वाहन स्वामी या किसी को कोई ऐतराज हो तो मय सबूत अपनी आपत्ति इस कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में दर्ज करवा सकते हैं अन्यथा निम्न वाहनों की एफ.आर.सी वित्तपोषक कंपनी के नाम से जारी कर दी जाएगी। विज्ञापन का खर्च आवेदक स्वयं वहन करेंगा।

(1) आरजे 09 पीए 6078 (2) आरजे 09 पीए 6145


## न्यूज इन बॉक्स

### 24 ई-मित्र कियोस्क पर लगाई पेनल्टी

**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिले में आमजन को विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त हो तथा ई-मित्र कियोस्कों पर बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो, इस उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने जिले के सभी ब्लॉकों के कुल 87 ई-मित्र कियोस्कों (32 सरकारी कार्यालय में स्थापित एवं 55 प्राइवेट जगह स्थापित) का औचक निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक पवन नानकानी ने बताया कि ई-मित्र कियोस्क पर अद्यतन सेवाओं की दर सूची एवं को-ब्रांडेड बैनर नही होने पर 24 ई-मित्र कियोस्क धारकों पर नियमानुसार विभाग के राजधरा सर्वे एप्प द्वारा पेनल्टी की कार्यवाही की गई।

### मुख्यमंत्री ने वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन पोस्टर का किया विमोचन



**चित्तौड़गढ़।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के पोस्टर का विमोचन किया। हाल ही में वेदांता द्वारा रन फॉर जीरो हंगर के तहत् दिल्ली में आयोजित हॉफ मैराथन के बाद, वेदांता पिंक सिटी हॉफ मैराथन के 7 वें संस्करण का आयोजन हिन्दुस्तान जिंक द्वारा 18 दिसंबर को होगा। पिंक सिटी हॉफ मैराथन का आयोजन वर्ष 2017 से केयर्न ऑयल एंड गैस के साथ मिलकर किया जा रहा है। श्री गहलोत ने निरोगी राजस्थान की थीम पर प्रकाश डालते हुए वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन का पोस्टर विमोचित किया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, केयर्न के राजस्थान परियोजना प्रेसिडेंट ब्रिगेडियर बी एस शेखावत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मैराथन आयोजक संस्थान एनीबॉडी कैन रन के कार्यकारी मनोज सोनी ने मैराथन बाबत जानकारी दी। हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन को लॉन्च करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समाज को पुनः लौटाने की वेदांता के चैयरमेन अनिल अग्रवाल की मुहिम के तहत् रन फॉर जीरो हंगर की यह पहल महत्वपूर्ण है।

### मरणोपरांत कराया नेत्रदान



**चित्तौड़गढ़।** शास्त्री नगर निवासी श्रीमती प्रेम देवी पत्नी स्वर्गीय शंभू सिंह सुराणा के अकस्मात निधन होने पर उनके परिजनों अनिल एवं ललित ने माताश्री की अंतिम इच्छा के अनुसार महावीर इंटरनेशनल केंद्र के माध्यम से नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र उत्सर्जन का कार्य विशेषज्ञ राहुल छीपा गोमाबाई नेत्रालय नीमच के द्वारा सम्पन्न किया गया। सुराणा परिवार के सदस्यों ने नेत्रदान के प्रेरणा स्त्रोत अजीत ढीलीवाल एवं महावीर इंटरनेशनल के हंसराज अंबानी, सुरेश डांगी, राजकुमार तातेड की उपस्थिति में नेत्रदान प्रभारी वीर नवनीत मोदी एवं वीर प्रकाश पोखरना के माध्यम से नेत्र सुपुर्द किये। जिन्हे गोमाबाई नेत्रालय नीमच को भिजवायें गये।

### निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**निम्बाहेड़ा।** महावीर इंटरनेशनल के पद्मिनी केंद्र द्वारा सामाजिक सरोकार एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर विगत तीन माह से संचालित किए जा रहे एक और सिलाई प्रशिक्षण




शिविर का सफल समापन हुआ। पद्मिनी केन्द्र की सचिव प्रियंका नाहर ने बताया कि सामाजिक सरोकार से जुड़े वीरा केन्द्र पद्मिनी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए पिछले तीन माह से मलिाओं के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का संचालन कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर में किया गया। जिसका एपेक्स से आई सिंगर सिलाई मशीन के प्रशिक्षक एवं निम्बाहेड़ा पद्मिनी केंद्र की वीराओं की उपस्थिति में समापन हुआ। शिविर में 15 बालिकाओं को तीन माह तक चंदा सोनी द्वारा सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सिंगर कंपनी के सदस्यों द्वारा सिलाई मशीन की रिपेयरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में पद्मिनी केन्द्र की उपाध्यक्ष ममता काला, कोषाध्यक्ष रानी संघवी, संगीता जैन, सुमन छाजेड़, शिल्पा मारवाड़ी, चांदनी मोदी, मंजू काबरा, प्रियंका बोडाना एवं प्रमिला कोठारी आदि उपस्थित रहे।